YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > सोमवार, 29 दिसंबर 2014 > पौष 8 शक 1936 > पौष शुक्ल 8 विक्रम 2071 ...t.in पेज 14 > मूल्य 4.50

बच्चे की उम्र 3 साल होना जरूरी

एक्सपर्ट

रोमा पाठक, एम.एम.पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा

■ मेरी बेटी की डेट ऑफ बर्थ 16-3-2012 है। क्या अगले साल उसका नर्सरी में एडमिशन हो सकता है। - अजय मित्तल

जवाब : नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र 31 मार्च 2015 को कम से कम 3 साल होनी चाहिए आप मौजूदा सेशन के लिए नर्सरी में अप्लाई कर सकते हैं।

■ मैं एससी कैटिगरी से हूं। क्या मैं अपने बच्चे के एडमिशन के लिए डिसअडवांटेज और जनरल कैटिगरी दोनों फॉर्म एक ही स्कूल में फिल कर सकता हूं? - सचिन

जवाब : जी हां, लेकिन एडमिशन एक ही कैटेगि री में होगा।

■ मैं प्रफेशन से ड्राइवर हूं। मेरा बड़ा बेटा दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। मेरे छोटे बेटे का पिछले तीन साल से नर्सरी में एडमिशन नहीं हो रहा है। अब वह 6+ का हो गया है। क्या उसे किसी स्कूल में ईडब्ल्यूएस कैटिगरी के तहत केजी क्लास में एडमिशन मिल सकता है? - संदीप कुमार

जवाब : केजी में 4+ एज वाले बच्चे को एडमिशन मिलता है। 6 साल के बच्चे का एडमिशन फर्स्ट क्लास में करवाया जा सकता है। जिन स्कूलों में एंट्री लेवल फर्स्ट क्लास है, वहां पर ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में अप्लाई किया जा सकता है।